तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 19 मई 2026



12 डेम नहीं, बीएसपी प्रबंधन की नाकामी का खुला सबूत ...





11 नगर में गैस-पेट्रोल संकट गहराया, जनता बेहाल






## खबर संक्षेप

### सांसद भोजराज की पहल पर डेमू ट्रेन में बढ़ी बोगी

**कुसुमकसा।** रायपुर से दल्ली राजहरा होते हुए अंतागढ़ जाने वाली डेमू ट्रेन में यात्रियों की भीड़ और 42 डिग्री की तपती गर्मी में सीट न मिलने पर महिला, बच्चे और बीमार यात्री फर्श पर बैठकर सफर करने मजबूरी है। इन समस्या को लेकर बुधवार को गांधी ने कांकेर सांसद भोजराज नाग से मुलाकात कर डेमू ट्रेन में यात्रियों की परेशानी को देखते हुए बोगी बढ़ाने की मांग की गई। सांसद को सौंपे पत्र में गांधी ने लिखा कि गर्मी में बसों में भीड़ और किराए की मार से बचने के लिए बस्तर अंचल के लोग अब डेमू से रायपुर-दुर्ग-भिलाई आते हैं, लेकिन बोगी कम होने से हालात बदतर हैं। छोटे बच्चे, महिलाएं और दुर्ग-भिलाई-रायपुर इलाज, पैथोलॉजी जांच, एक्स-रे, सोनोग्राफी के लिए जाने वाले बीमार यात्री घंटों फर्श पर बैठकर सफर कर रहे हैं। भीषण गर्मी में तापमान 42 डिग्री से अधिक का हो गया है । मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा 'गांधी' ने कहा, क्षेत्र के यात्रियों की पीड़ा सांसद के सामने रखी गई है। सांसद ने जल्द ही डेमु ट्रेन में बोगी बढ़ाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की जनता की मांग के अनुरूप डेमू ट्रेनों में बोगी की संख्या बढ़ाई जाएगी। आज 4 दिन बाद सांसद द्वारा मिली सौगात से क्षेत्र की जनता अभिभूत है। उन्होंने जो वादा किया था वह अति शीघ्र पूरा हो गई, जिसका लाभ रायपुर से लेकर बस्तर तक के पूरे यात्रियों को मिलेगा। रेल यात्रियों को डेमो ट्रेन में बोगी की संख्या कम होने से यात्रा करने हो रही परेशानी का समाधान ▸▸|शेष पेज 10 पर

**चुनाव : भाजपा की रैली में मंत्री-सांसद तो कांग्रेस ने प्रत्याशियों के साथ दिखाया दम**

# नगर पंचायत उपचुनाव के लिए भाजपा-कांग्रेस ने किया शक्ति प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

सोमवार को नगर पंचायत पलारी चुनाव के लिए भाजपा द्वारा भव्य नामांकन रैली का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद भोजराज नाग, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष चंदू साहू, प्रभारी लीलु शर्मा, पुर्व प्रदेश मंत्री, राजा दीवान, राकेश यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्रकार के साथ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचकर अध्यक्ष पद प्रत्याशी लखन लाल गुरूपंच के साथ 15 वार्डों के पार्षदों ने एक सांथ नामांकन दाखिल किया।

ओमाकारेश्वर मंदिर से नामांकन रैली के पूर्व नगर में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस दौरान उम्मीदवारों के साथ छग लघु वन उपज समिति उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ▸▸|शेष पेज 10 पर

## कांग्रेस ने नामांकन रैली में किया शक्ति प्रदर्शन





**गुरूर।** नगर पंचायत पलारी चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन के अंतिम दिवस कांग्रेस के अधिकृत अध्यक्ष प्रत्याशी यानेश साहू एवं समस्त 15 वार्ड पार्षदों ने एक साथ नामांकन रैली निकाल शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन दाखिल किया। इसके पूर्व प्रत्याशी ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रैली के रूप में नामांकन फॉर्म जमा किया। इसमें अध्यक्ष पद हेतु सामान्य यानेश साहू को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं वार्ड 1 सामान्य प्रकाश साहू, वार्ड 2 सामान्य बीरबल साहू, वार्ड 3 सामान्य महिला जागृति साहू, वार्ड 4 अन्य पिछड़ा वर्ग तीरथ साहू, वार्ड 5 सामान्य राजेश यादव, वार्ड 6 सामान्य महिला तुलेश्वरी निषाद, वार्ड 7 अन्य पिछड़ा वर्ग पूर्णेश्वर अडिल, वार्ड 8 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला श्यामा बाई साहू, वार्ड 9 अन्य पिछड़ा वर्ग प्रेमनारायण साहू, वार्ड 10 सामान्य परमानंद सेन, वार्ड 11 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला आशो बाई साहू, वार्ड 12 सामान्य प्रवीण साहू, वार्ड 13 सामान्य महिला अघोशित, वार्ड 14 अनुसूचित जन जाति भुनेश्वर ठाकुर, वार्ड 15 अनुसूचिज जाति समेर माकण्डेय को प्रत्याशी बनाया गया है। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा, धमतरी विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू, महामंत्री शादिक अली, सुमीत राजपूत, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ओंकार महमल्ला, जिला उपाध्यक्ष तामेश्वर साहू, बसंत सोइनबोर पूरण साहू, दुर्गुराम सिन्हा, टोमन साहू, चोवा राम साहू, हेमशंकर साहू, दिनाराम चेलक, केदार देवांगन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोनू ठाकुर, ब्लॉक सचिव तुलेश सिन्हा, मनीष देवांगन, कुलदीप साहू, अंकुश देवान सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों ने उठाई सुबह 2 घंटे काम करने की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद




- मांगों पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ने बालोद जिले में सुबह 2 घंटे कार्य व्यवस्था करने की मांग तेज कर दी है। उनका कहना है कि दुर्ग, बिलासपुर और धमतरी जिले सुबह केवल 2 घंटे कार्य कराया जा रहा है, इस संबंध में संघ के पदाधिकारियों ने व्यवस्था लागू करने कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इसके अतिरिक्त कई अन्य मांगों पर ध्यान आकृष्ट कराया है। संघ ने कहा शासन के निर्देशानुसार सफाई कर्मचारियों से केवल 2 घंटे कार्य लिया जाना चाहिए, लेकिन कई जगहों पर कर्मचारियों से दिन भर अतिरिक्त काम कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013 में जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी बालोद द्वारा आदेश जारी कर सफाई कर्मचारियों से सुबह 2 घंटे और शाम 2 घंटे कार्य लेने की व्यवस्था ▸▸|शेष पेज 10 पर








Flat **4%** 20K & 22K plain gold jewellery के मेकिंग चार्जस पर
**20 MAY** (8 am to 12 pm)
First **4 hours**

Flat **8%** 20K & 22K plain gold jewellery के मेकिंग चार्जस पर
**20 MAY**
After **12 pm**

Flat **8%** 20K & 22K plain gold jewellery के मेकिंग चार्जस पर
**21-22 MAY**

Get **101% Exchange** अपने पुराने सोने पर

Flat **50% OFF** Diamond jewellery के लेबर चार्जस पर

Akash Ganga, Supela
0788-4017778 | 99935 87675

Jawahar Market, Power House, Bhilai
0788-4017467 | 9981322293

## खबर संक्षेप

### बीएसपी प्रबंधन के खिलाफ सेवानिवृत्त कर्मियों में रोष

**भिलाई।** शनिवार को सेवा निवृत्त कार्मिक कल्याण संघ की साप्ताहिक बैठक सिविक सेंटर स्थित मोनूमेंट परिसर में हुई। बैठक में लगातार बीएसपी प्रबंधन द्वारा अड़ियल रवैया अपनाए जाने को लेकर संस्था के सदस्यों में रोष देखा गया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे। प्रबंधन बार-बार सेवनिवृत्त कार्मिकों को परेशान कर रहा है जिसके कारण सहनशीलता टूटने के कगार में आ रही है। प्रबंधन से ना तो टाउनशिप की बिजली संभल रही, न सफाई व्यवस्था, न सीवरेज लाइन। केवल सड़क पर व्यापार करने वालों के झोपड़े उजाड़ने और लाचार बुजुर्गो का आवास छीन कर सड़क पर लाने का कार्य किया जा रहा है।

### भीम सिंह बने दुर्ग तहसील निषाद समाज के अध्यक्ष



**दुर्ग।** निषाद समाज दुर्ग तहसील का चुनाव जिला कार्यालय पुलगांव में हुआ। जिसमें दुर्ग तहसील निषाद समाज के अध्यक्ष पद पर भीम सिंह निषाद ग्राम आलबरस निवासी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव प्रक्रिया जिलाध्यक्ष डॉ घनश्याम निषाद, महिला सचिव सुमन निषाद, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार निषाद, उपाध्यक्ष वरुण निषाद, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष राम सुख सपे, विष्णु निषाद टोप राम निषाद, डिकेश्वरी निषाद उपस्थित रहे। मुख्य चुनाव अधिकारी मल्लेश निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी सियाराम निषाद ने चुनाव को विधिवत संपन्न कराया। मुख्य चुनाव अधिकारी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को प्रमाण पत्र प्रदान किया। तहसील निषाद समाज के सहायक पदों पर भी निर्विरोध निर्वाचित उपाध्यक्ष डॉ नरेन्द्र निषाद, चोवा राम निषाद, सचिव सगनु निषाद, कोषाध्यक्ष राम कुमार निषाद, संगठन सचिव डॉ राज कुमार निषाद, सह सचिव ओमप्रकाश निषाद, संतोष जलतारे, उप संगठन सचिव सोमनाथ निषाद, छिन्छा राम निषाद, अंकेक्षक दिनेश निषाद, प्रचार सचिव मनहरण निषाद, चुने गए।

### संगठन ने वृद्धाश्रम में खाद्य सामग्री का किया वितरण



**दुर्ग।** आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्था वृद्ध आश्रम सेक्टर-2 भिलाई में छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के अध्यक्ष मेघनाथ यादव, ब्रह्मदेव पटेल, संत कुमार केसकर, लखन लाल साहू, भोजराम डढ़सेना, विजय रात्रे,सुमित्रा रात्रे, रमेश साहू, कृष्ण कुमार पाटिल, भानु प्रताप यादव, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, बेनी राम बघेल, अनिल खेलवार, रमाकांत अजगले,अशोक साहू सहित समिति के सदस्यों द्वारा 50 वृद्धों के लिए खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।

## महाराजा चौक से बोरसी चौक तक बनने वाली फोरलेन सड़क का भूमिपूजन, मंत्री गजेन्द्र यादव हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

दुर्ग शहर के विकास को नई दिशा देने वाले महत्वपूर्ण कार्य के तहत आज महाराजा चौक से बोरसी बस्ती चौक तक बनने वाली फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। कार्यक्रम में मंत्री गजेन्द्र यादव के साथ दुर्ग के जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। क्षेत्रवासियों ने लंबे समय से इस सड़क के चौड़ीकरण और बेहतर निर्माण की मांग की थी, जिसे अब प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पूरा किया जा रहा है। 452.84 लाख की लागत से जिला मुख्यालय में पीडब्लूडी का मुख्य अभियंता एवं संभागीय कार्यालय का भूमिपूजन तथा 2396.71 लाख की लागत से बनने वाली 1.80 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क बोरसी क्षेत्र सहित आसपास के गांव से भी आने वाले हजारों नागरिकों के लिए बड़ी सौगात साबित होगी। वर्तमान में इस मार्ग पर लगातार बढ़ते



यातायात के कारण लोगों को जाम, दुर्घटना और आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता था। फोरलेन सड़क निर्माण के बाद यातायात व्यवस्था अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित हो सकेगी। साथ ही क्षेत्र के व्यापार, आवागमन और विकास गतिविधियों को भी गति मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला महामंत्री दिलीप साहू, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, अशोक राठी, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, कमलेश फेकर, वरिष्ठ भाजपा नेता विनायक नातू आदि उपस्थित रहे।

## वार्ड 22 में सतनाम भवन, जैतखाम जीर्णोद्धार एवं मंच निर्माण का मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

वार्ड 22 में सतनाम भवन, जैतखाम जीर्णोद्धार एवं मंच निर्माण कार्य के मंत्री गजेंद्र यादव ने भूमिपूजन किया। 19.88 लाख की लागत से होने वाला यह निर्माण कार्य समाज की आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक बनेगा। मंत्री श्री यादव ने कहा कि जैतखाम सतनामी समाज की पहचान और श्रद्धा का केंद्र है तथा इसके जीर्णोद्धार और सतनाम भवन निर्माण से समाजजनों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सभी समाजों के विकास और सम्मान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जैतखाम, सामुदायिक भवन और अन्य जनहित के कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र की जनता और सामाजिकजनों को



सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के हित में लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, सभापति श्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, बंटी चौहान, कमलेश फेकर, कांशीराम कोसरे, भाजयुमो अध्यक्ष हिमांशु सिंह, पार्षदगण, समाजजन, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस का प्रतीकात्मक प्रदर्शन

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन धमधा में मोटरसाइकिल खींचकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग/धमधा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान और जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के निर्देशानुसार केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों, लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल, खाद्य सामग्री तथा सराफा के बढ़ते दामों के विरोध में 17 से 20 मई तक चरणबद्ध आंदोलन तथा जनजागरण अभियान प्रारंभ किया गया।

अभियान के प्रथम दिवस जिले के विभिन्न ब्लॉकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया, लेकिन धमधा में आयोजित अनोखे प्रदर्शन ने सबका ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आम जनता पर लगातार महंगाई का बोझ बढ़ता जा रहा है। पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार वृद्धि से परिवहन, खेती-किसानी, खाद्य सामग्री एवं दैनिक जरूरतों की वस्तुएं महंगी होती जा रही हैं, जिससे गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी एवं मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। धमधा सहित जामुल, अहिवारा, मुरमुंदा, भिलाई-3, कुम्हारी, पाटन, जामगांव-आर, उतई एवं नगपुरा सहित विभिन्न ब्लॉकों में पेट्रोल पंपों के सामने प्रदर्शन कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर महंगाई की मार, भाजपा सरकार, डीजल-पेट्रोल के दाम कम करो और जनता त्रस्त, सरकार मस्त जैसे नारे लगाए।

राकेश ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री देशवासियों को खर्च कम करने की सलाह देते हैं, वहीं दूसरी ओर स्वयं विदेश दौरों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों का लाभ केवल चुनिंदा उद्योगपतियों को मिल रहा है, जबकि आम जनता महंगाई और आर्थिक संकट से जूझ रही है। उन्होंने बताया कि आंदोलन के अगले चरणों के तहत 18 मई को खाद्य तेल एवं राशन सामग्री की बढ़ती कीमतों को लेकर बाजार क्षेत्रों में प्रदर्शन किया जाएगा। 19 मई को सराफा बाजारों में जनसंवाद किया जाएगा, जबकि 20 मई को सोशल मीडिया अभियान चलाकर महंगाई और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।इस दौरान प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष शमशीर कुरैशी, ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा, जिला पंचायत सदस्य दानेश्वर साहू, अशोक कसार, राजेश मानिकपुरी, अघ्नू पाल, अरुण साहू, रजत नायक, राज पटेल, रोमन पटेल, जितेंद्र वर्मा, देवेंद्र चंदेल, परमेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

### चरणबद्ध आंदोलन तथा जनजागरण अभियान शुरू







**बैल जुड़ा से मोटर साइकिल बांधकर खींचा :** यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई के विरोध में पारंपरिक जुड़ा दो बैल फांसने का उपकरण में बैलों की जगह इंसानों को जोड़कर मोटरसाइकिल बांधकर खींची। इस प्रतीकात्मक प्रदर्शन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने संदेश दिया कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की जिंदगी इतनी कठिन बना दी है कि अब वाहन चलाना भी बोझ बन गया है।

### अवंती बाई चौक में हल्ला बोल

**भिलाई।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोसा नगर सुपेला भिलाई के नेतृत्व में अवंती बाई चौक कोहका भिलाई में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ हल्ला बोल विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मे साडा के पूर्व उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह और प्रदेश सचिव इरफान खान ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाकर केंद्र सरकार आम नागरिकों की जेब पर डाका डाल रही है। हर चीज महंगी हो चुकी है और जनता त्रस्त है। यह सरकार केवल पूंजीपतियों के फायदे के लिए काम कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम होने के बाद भी देश में ईंधन के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरसिंह नाथ ने कहा कि ईंधन के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से आम जनता, किसानों और मध्यम वर्ग की कमर टूट चुकी है। जब तक सरकार कीमतें कम नहीं करती, कांग्रेस का यह संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान लालचंद वर्मा, मोहम्मद रफीक, इतवारी देवांगन, दर्शन सिंह, संजीत चक्रवर्ती आदि उपस्थित थे।

## सेक्टर-6 पेट्रोल पंप के सामने कांग्रेसियों ने की जमकर नारेबाजी

**भिलाई।** पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 4 द्वारा सेक्टर-6 स्थित पेट्रोल पंप के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बढ़ी हुई पेट्रोल-डीजल की कीमतें तत्काल वापस लेने की मांग की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद थे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 4 के अध्यक्ष सौरभ



दत्ता ने कहा कि पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार बढ़ने से सबसे ज्यादा असर मध्यम वर्गीय और आम परिवारों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ईंधन महंगा होने का सीधा असर रोजमर्रा की जरूरत की चीजों पर दिखाई दे रहा है। परिवहन खर्च बढ़ने से फल, सब्जियां, राशन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें भी लगातार बढ़ रही हैं।सौरभ दत्ता ने कहा कि महंगाई ने आम जनता की आर्थिक स्थिति को प्रभावित किया है और कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर सड़कों पर उतर रही है। पार्षद और एमआईसी सदस्य साकेत चंद्राकर ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के साथ मिलकर बढ़ती महंगाई और ईंधन की कीमतों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर विरोध जताया और केंद्र सरकार से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत देने की मांग की। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ दत्ता, पार्षद और एमआईसी सदस्य साकेत चंद्राकर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जी याकूब, जिला कांग्रेस कमेटी के तोषु वर्मा, शिखा राय, मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, राजू रजक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कानूनी प्रक्रिया के बिना गरीब मजदूरों को नहीं किया जा सकता बेघर



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

- दुर्ग न्यायालय के फैसले पर मेहनतकश आवास अधिकार संघ ने जताया हर्ष

बीएसपी के संपदा न्यायालय एवं नगर सेवा विभाग द्वारा हॉस्पिटल सेक्टर के कई गरीब और मेहनतकश परिवारों को मकान खाली करने नोटिस जारी किया गया था। इसके विरुद्ध प्रभावित परिवारों ने दुर्ग जिला डीजे कोर्ट में मामला दायर किया। न्यायालय ने 14 मई को आदेश पारित करते हुए बीएसपी द्वारा जारी नोटिस को खारिज कर दिया। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन किए बिना किसी भी नागरिक को उसके घर से बेदखल नहीं किया जा सकता। अदालत ने बीएसपी प्रबंधन को निर्देशित किया कि वह 30 दिनों के भीतर नियमानुसार उचित प्रक्रिया अपनाते हुए मामले का गुण-दोष के आधार पर निराकरण करे। न्यायालय के इस आदेश के बाद आवास अधिकार संघ के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि हॉस्पिटल सेक्टर के मेहनतकश मजदूर लगातार यह मांग उठाता रहा है कि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू और पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे द्वारा पूर्व में बीएसपी प्रबंधन के साथ बैठक कर लगभग 10 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कराई गई थी। इस पर भिलाई निगम ने भी पहल की थी, लेकिन आज तक यह मामला किस स्तर पर अटका हुआ है, इसकी जानकारी मजदूरों और आम नागरिकों को नहीं दी जा रही है। वहीं दूसरी ओर सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली ने हॉस्पिटल सेक्टर से जुड़े इस संवेदनशील मामले को दुर्ग स्थित मध्यस्था लोक अदालत में भेजा है, जिसकी अगली सुनवाई 18 मई 2026 को निर्धारित है। मेहनतकश आवास अधिकार संघ ने कहा कि गरीब मजदूरों के आशियाने बचाने की लड़ाई सड़क से लेकर अदालत तक लगातार जारी रहेगी। अधिवक्ता सालिनी गेरा, अमीत वर्मा, अनुश्री, गीत, कामिनी, समा ने कानुनी मेहनत किए फैसले के बाद आयोजित बैठक में मजदूरों ने अपनी लोकतांत्रिक आवाज को और मजबूत करने तथा संघर्ष को व्यापक बनाने का संकल्प लिया। बैठक में नारायण राव, ब्रम्हा, अरुणा, लता, अनुसुइया, सुदरीया, लक्ष्मी, इश्रातम्मा, के. मैरी, मोहन कुर्रे सहित सैकड़ों मेहनतकश मजदूर उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर लोगों को जागरूक करने निकाली रैली

**भिलाई।** निगम क्षेत्रांतर्गत राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया।

शासन के मंशानुरूप राष्ट्रीय डेंगू दिवस 2026 की थीम जांच करें ,साफ करें, ढकें एवं डेंगू को हराने का उपाय करें। जोन -1 वार्ड -कोसनगर अंतर्गत रैशने आवास श्रमिक बस्ती में एवं जोन -2 वार्ड -23 घासीदास नगर सघन बस्ती में, जोन -4 वार्ड -40 मंगल बाजार - छावनी के श्रमिक बस्ती में आम नागरिकों में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से डेंगू रोधी नारों के साथ रैली निकालकर तथा अपने शहर में स्वच्छता अपनाते हुए डेंगू मुक्त शहर बनाने का संकल्प लिया गया।

इस कार्यक्रम में उपस्थित पार्षद, मितानिन, जन समुदाय , महिला समूह के सदस्य उपस्थित रहे । मानसून पूर्व एवं मानसून के दौरान डेंगू से बचाव ही सबसे बड़ा उपचार है। मच्छर प्रजनन स्त्रोत कूलर, टंकी, ड्रम, कंटेनर वगैरह की सप्ताह में एक दिन जांच करें, इसे साफ करें/सुखाएं तत्पश्चात ही उपयोग में लें। संग्रहित पानी पात्र को ढांक कर रखने, घर के आसपास स्थित नाली के जमाव पानी में जला ऑयल डालने, बाड़ी/बाग - बगीचों में रखे अनुपयोगी कबाड़ सामान जैसेः- टायर- ट्यूब, टूटे फूटे बर्तन, डिस्पोजल आदि को वर्षा पूर्व हटा लें जैसी स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। कार्यक्रम में सर्वेलेंस विशेष दस्ता से के. के. सिंह अपनी टीम के साथ, जिला मलेरिया विभाग से मोहन राव, उमेश कपूर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, अतुल यादव, घासीदास नगर की पार्षद श्रीमती ऊषा शर्मा, विनय शर्मा, स्व सहायता समूह की सुपरवाइजर पूनम यादव, किरण शर्मा अपनी टीम के साथ, वार्डवासी हेमलता रामटेके , प्रमिला खोबरागड़े, सरोजिनी देवांगन शामिल हुए।

### 18 जुलाई को लोक अदालत, जिला सत्र न्यायाधीश ने ली बैठक

# स्पेशल लोक अदालत के लिए अधिकारियों की टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग के मार्गदर्शन में 18 जुलाई को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग में आयोजित होने वाली स्पेशल लोक अदालत को प्रभावी बनाने सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा विशेष रूप से तीन न्यायिक अधिकारियों की टीम गठित की गई है, जिसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं दो व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सम्मिलित हैं।

- गठित टीम को सौंपा गया दायित्व



गठित टीम को दायित्व सौंपा गया है कि वे न्यायालय में लंबित अधिकाधिक बैंक एवं फायनेंस कंपनियों से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु समन्वय स्थापित कर प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से सुलह-समझौते के आधार पर निराकृत कराने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों, निजी बैंकों एवं फायनेंस कंपनियों का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ताओं एवं अधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान न्यायिक अधिकारियों द्वारा अधिवक्ताओं एवं बैंक प्रतिनिधियों को आगामी स्पेशल लोक अदालत के महत्व से अवगत कराया गया तथा अधिकाधिक लंबित प्रकरणों को चिन्हांकित कर आपसी सहमति एवं समझौते के माध्यम से निराकृत किए जाने हेतु आवश्यक पहल करने का आग्रह किया गया। साथ ही कहा गया कि लोक अदालत एक प्रभावी वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली है, जिसके माध्यम से पक्षकारों को त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण न्याय प्राप्त होता है तथा समय एवं धन दोनों की बचत होती है।

### पक्षकारों से किया जाएगा संपर्क

निर्णय लिया गया कि बैंक एवं फायनेंस कंपनियों द्वारा लंबित प्रकरणों की सूची तैयार कर संबंधित पक्षकारों से संपर्क स्थापित किया जाएगा, जिससे अधिकाधिक मामलों का निराकरण स्पेशल लोक अदालत के माध्यम से कराया जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा आम नागरिकों, बैंक प्रतिनिधियों एवं अधिवक्ताओं से अपील की गई है कि वे स्पेशल लोक अदालत में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर स्थायी एवं निरंतर लोक अदालत की अध्यक्ष एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव उपस्थित रहे।

### 60 वार्डों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा शहर के एक से लेकर 60 वार्डों तक नागरिक सुविधाओं की सतत निगरानी एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सचिव द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में यह व्यवस्था लागू की गई है। नियुक्त नोडल अधिकारियों को अपने-अपने वार्डों में सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, विद्युत संबंधी समस्याओं एवं अन्य जनसुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निर्देशित किया है कि सभी नियुक्त नोडल अधिकारी प्रतिदिन अपने प्रभार वाले वार्डों का निरीक्षण करेंगे तथा वार्डों में प्राप्त समस्याओं, शिकायतों एवं उनके निराकरण से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

## पेज 9 का शेष

### नगर पंचायत उप चुनाव ...

जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, चुनाव संयोजक नरेश साहू, पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, ईशाप्रकाश साहु, तहसील के तीनों मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पाण्डे, खेमलाल देवांगन, आनंद शर्मा, कृष्णकांत पवार, विरेन्द्र साहू, नामांकन प्रभारी प्रभारी नगर पंचायत गुरूर अध्यक्ष प्रदीप साहू, ऋषी सिन्हा के मार्गदर्शन मे नामांकन जमा किया। भाजयुमो जिला महामंत्री हिमांशु साहू, नंदकुमार साहू, जहां भाजपा द्वारा 15 सीटों में से 14 सीट की घोषणा की गई है, जिसमें वार्ड 1 अनारक्षित मुक्त तेजराम साहू, वार्ड 2 अनारक्षित मुक्त गजेन्द्र कुमार साहू, वार्ड 3 अनारक्षित महिला नेहा साहू, वार्ड 4 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त खिलेन्द्र कुमार साहू, वार्ड 5 अनारक्षित मुक्त महेश साहू, वार्ड 6 अनारक्षित महिला राधिका निषाद, वार्ड 7 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त संजय कुमार साहू, वार्ड 8 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला चित्ररेखा साहू, वार्ड क्रमांक 09 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त पोषण लाल साहू, वार्ड 10 अनारक्षित मुक्त शेलेश साहू, वार्ड 11 खिलेश्वरी साहू, वार्ड 12 अनारक्षित मुक्त झम्मन पटेल, वार्ड 13 अनारक्षित महिला योगेश्वरी देवी, वार्ड 14 अनुसूचित जनजाति मुक्त घनश्याम सिंह ठाकुर, वार्ड 15 अनुसूचित जाति मुक्त संतोष कुमार कुर्रे को प्रत्याशी बनाया गया है।

### अंशकालीन स्कूल ...

बनाई गई थी, लेकिन भुगतान केवल 2 घंटे का ही किया गया। शेष समय का भुगतान अब तक लंबित है। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि वर्तमान मानदेय इतना कम है कि परिवार का भरण–पोषण करना मुिं”कल हो रहा है। इसी कारण उन्हें अन्य स्थानों पर भी मजदूरी या काम करना पड़ता है, लेकिन स्कूलों में भी उनको अतिरिक्त काम दिया जाता है जिसके कारण अधिकांश समय स्कुल मे ही निकल जाता है, जिससे अतिरिक रोजगार करना संभव संभव नहीं हो पाता। तथा उन्हे शाम को ताला बंद कराने जैसी जिम्मेदारियो का निर्वहन करना पड़ता है। संघ ने कहा यदि जल्द ही शासन एवं प्रशासन द्वारा कार्य अवधि संबंधी मागों पर निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### सांसद भोजराज की पहल ...

सांसद द्वारा तत्काल किए जाने पर कुसुम कसा भाजपा मंडल की ओर से सांसद भोज राज नाग का आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप



### पुलिस चेकिंग में आधा दर्जन युवक पकड़े गए

**भिलाई।** मुस्लिम समाज दुर्ग द्वारा आयोजित उर्स कार्यक्रम में रात के समय अत्यधिक संख्या में लोगों की उपस्थिति को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बेहतर किया गया। इस दौरान पुलिस की पेट्रोलिंग चेकिंग लगातार चल रही थी। कोतवाली, मोहन नगर व पदमनाभपुर पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ओम नगर उरला निवासी ऋषि यादव, छुरिया बाजार चौक छुरिया राजनांदगांव तुषार अग्रवाल, सोनार पारा राजनांदगांव शेखर नामदेव, आमापारा नया गांव, जिला धमतरी मोह. अबरार, अपचारी बालक और पदमनाभपुर पुलिस ने कैम्प 1 निवासी गुरप्रीत सिंह, न्यू कर्तिन नगर सुपेला विक्की गायकवाड को पकड़ा गया है। युवकों के पास से 7 धारदार हथियार जब्त किया गया है। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि सार्वजनिक कार्यक्रमों एवं धार्मिक आयोजनों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

### म्यूल खाते से बड़ा लेनदेन दो युवकों को पकड़ा

**भिलाई।** लोन दिलाने का झांसा देकर म्यूल खातों में दस्तावेजों का उपयोग कर ठगी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि बैकुण्ठ धाम आंगनबाड़ी केन्द्र 25 परिसर में लोन दिलाने के नाम पर लोगों से बैंक पासबुक, खातों की जानकारी लेकर उन्हें म्यूल बैंक खाता, फर्जी पासबुक, एटीएम, साइबर ठगी कर क्रिकेट सट्टा में उपयोग करने की सूचना मिली थी। पुलिस ने टीम बनाकर आरोपी मदर टेरेसा नगर कैम्प वन निवासी जावेद अख्तर द्वारा शारदा पारा कैम्प 1 आकाश जायसवाल के माध्यम से बैंक खातों, पासबुक को जुटाया करता था। जिससे साइबर ठगी, अन्य अवैध गतिविधियों में उपयोग में दस्तावेजों का लाया करता था। दोनों युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि बैंक खातों, पासबुक को लोन दिलाने के नाम पर मोटी रकम लेकर दूसरो को उपलब्ध कराया जाता था। आरोपियों के पास से महाराजा बैंक से जुड़े खाता दस्तावेज, मोबाइल बरामद किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### लाठी से पीटकर हत्या आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** घरेलू विवाद के चलते विकलांग मां को उसके बेटे द्वारा लाठी से पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना में पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि 16 मई को मनीष पटेल ने पुलिस के पास पहुंचकर सूचना दिया कि उसकी बुआ सरस्वती पटेल (50 वर्ष) की किसी ने हत्या कर दी है। सरस्वती शरीर से विकलांग थी। पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंचकर पतासाजी करना शुरू किया। संदेह के आधार पर पहले बेटा अश्वनी पटेल से पूछताछ की। उसने तुरंत जुर्म स्वीकार किया ।

## व्यवस्था : आपातकालीन स्थिति के लिए खुली रहेगीं कुछ दुकानें

# दवा व्यापारी संघ की हड़ताल 20 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग बालोद द्वारा 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद होने की सूचना दी गई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के औषधि निरीक्षक ने बताया कि ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा ऑनलाईन फार्मेसी के विरोध में 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद का आह्वान किया गया है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अंतर्गत देशभर में लगभग 12.40 लाख से अधिक केमिस्ट एवं औषधि वितरक है। उनके द्वारा 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में जिला बालोद केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट संघ के द्वारा एकदिवसीय दवा व्यापार बंद की अग्रिम सूचना का ज्ञापन कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद में सौंपा गया है। इसके मद्देनजर खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला बालोद द्वारा जिले के नागरिकों से आवश्यक सावधानियां एवं व्यवस्था रखने की अपील की गई है।




इसके अंतर्गत गंभीर एवं लंबी बीमारी जैसे कि डायबीटिज, बीपी, अस्थमा, हृदयरोगी, कैंसर रोगी, मिरगी एवं अन्य गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों को रोजमर्रा में लगने वाली दवाईयों के पर्याप्त स्टॉक खरीदकर रखने तथा आपातकालीन दवाईयां जैसे कि अस्थमा के इनहेलर, जीवनरक्षक दवाइयां, बच्चों की दवाइयां की पर्याप्त मात्र संधारित करने को कहा गया है। इसके अलावा कोई भी आपातकालीन स्थिति निर्मित होने पर तुरंत पास के नजदीकी अस्पताल में एवं जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में संपर्क करने एवं जिला चिकित्सालय एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्रों को 20 मई को निश्चित रूप से 24 घंटे खोले रखने का निर्देश जारी किया गया है ताकि आमजनों को दवाईयां मिलने में दिक्कत ना हो।

उन्होंने बताया कि बालोद जिले में खुदरा विक्रेता श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स बंद में शामिल नहीं है एवं आपातकालीन स्थिति में दवाइयों के लिए ऐसे विक्रेताओं से संपर्क किया जा सकता है। कोई भी परेशानी अथवा आपातकालीन स्थिति निर्मित होने पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के टोल फ्री नंबर में संपर्क किया जा सकता है। स्थिति को सामान्य बनाए रखने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला बालोद द्वारा जिला दवा विक्रेता संघ से अपील की गई है।

इसके अंतर्गत दवा विक्रेता संघ को शांतिपूर्ण एवं वैध तरीके से बंद का समर्थन देने की अपील की गई है। आपातकालीन स्थिति में जनहित को देखते हुए आपातकालीन, जीवनरक्षक दवाइयों को सप्लाई करने की अपील की गई है एवं आपातकालीन स्थिति में दवाईयों हेतु नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। बंद के दौरान कोई भी अफवाह एवं गलत जानकारी न फैलाने की अपील की गई है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के साथ सामंजस्य बनाए रखने की अपील की गई है।

# गुरेदा में सुशासन तिहार आज नोडल अधिकारी बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद




सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत नगर पंचायत गुरूर एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के गुरेदा में 19 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

कार्यालय नगर पंचायत गुरूर में सभी 15 वार्डों के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी निवास पटेल को नोडल अधिकारी एवं उप अभियंता कामता प्रसाद नागेन्द्र को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। गुरेदा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में गुरेदा, भरदाखुर्द, डंगनिया, नाहंदा, ओटेबंद, डौकीडीह, खप्परवाड़ा, सिरसिदा, परसदा डंग, देवरी (क), अर्जुनी, गोरकापार, पांगरी, सुखरी, तमोरा, कचांदुर और खर्रा के ग्रामीण शामिल होंगे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरेदा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के सफल आयोजन हेतु जिला मिशन समन्वयक अवन कुमार जांगड़े को नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुंडरदेही उमेश रात्रे और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के घनश्याम सिंह सिन्हा सहायक नोडल नियुक्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम गुरेदा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। जिसके अंतर्गत नायब तहसीलदार हेमंत पैकरा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह नगर पंचायत गुरूर में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर के लिए तहसीलदार हनुमंत श्याम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# अभा हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज का अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- अतिथियों ने सामाजिक एकजुटता और शिक्षा पर दिया गया जोर

अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज द्वारा 21 वां अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में हल्बा–हल्बी समाज के पांचो महासभा महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश से समाज के प दा धि का री ग ण उपस्थित थे।

अधिवेशन के विधायक डौण्डीलोहारा मुख्य अतिथि अनिला भेंडिया थी। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ आरएस.नायक ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेंडिया, पूर्व विधायक जनक लाल ठाकुर, मंतुराम पवार पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जीआर.राणा, किशन मानकर, 32 गढ़ महासभा केन्द्रीय अध्यक्ष विरेन्द्र चनाप, केन्द्रीय अध्यक्ष मध्यप्रदेश महेन्द्र काठेवार, उपाध्यक्ष महासभा बालोद चिदाकाश आर्य, उपाध्यक्ष महासभा बालोद मदन बढ़ई, पूर्व कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पीआर.नाईक, पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष 18 गढ़ महासभा शिवकुमार पात्र, पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष महासभा बालोद बी.एल.ठाकुर उपस्थित थे। अधिवेशन मे अनिला भेंडिया ने कहा कि हमारा समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब हम शिक्षा की अलख जगाएं और अपने बच्चों को सही संस्कार दें।





आज के इस बदलते दौर में हमें अपने युवाओं को सही मार्गदर्शन की जरूरत है। शिक्षा ही समाज को संगठित करने का महत्वपूर्ण क्रियान्वयन है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका स्त्री की होती है, एक स्त्री की भूमिका हर एक क्षेत्र में महत्वपूर्ण होती है और होनी भी चाहिए।

राष्ट्रीय महासभा अध्यक्ष मंतुराम पवार ने कहा कि समाज हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है, जिसमें हम सभी रहते हैं और एक–दूसरे के साथ जुड़े होते हैं। समाज का मतलब केवल एक समूह या समुदाय नहीं है, बल्कि यह हमारे संस्कारों, परम्पराओं और मूल्यों का भी प्रतिनिधित्व करता है। जीआर.राणा ने कहा कि समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सुधार के लिये प्रयास करना हमारा कर्तब्य है। हमें सामाजिक न्याय और समानता के लिए आवाज उठाने की आवश्यकता है और समाज को समृद्वि और समानता की दिशा में आगे बढ़ाने में योगदान करना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ आरएस.नायक ने कहा कि हमें समाज के लिए समर्पित होने के लिए समय निकालना होगा ताकि हम उसे बेहतर बना सके। हमें कर्तब्य की भावना से नहीं बल्कि आनंदमय और उदार भावना से भाग लेना चाहिए। सभा को लतेल राम नाईक, विरेन्द्र चनाप, कहेन्द्र काठेवार, उपाध्यक्ष महासभा बालोद चिदाकाश आर्य,पीआर.नाईक ने सम्बोधित किया।

अधिवेशन को सफल बनाने में झुमुक रावटे, नासकेतु चौधरी, पीएल.साहरा, यागबली रात्रे, प्रा.एचएल. मानकर, एलआर. मानकर, राकेश भेंडिया, अश्वनी नायक, केडी.मानकर, लूनकरण ठाकुर, महेश कोलियारे, महेश पिस्दा, आरआर.ठाकुर, जगदीश तारम, श्यामलाल, मोहित भौसार्य, भारतलाल रावटे, पी.आर.ठाकुर, कौशल ठाकुर, गजेन्द्र रावटे, आरके.पिस्दा, ऐमन ठाकुर, रतन लाल सहारे, धरम भूआर्य, शिव चौरका, कैलाश आर्य, एलके.नायक की प्रमुख भूमिका रही।

# डौंडी-सलाई टोला रेलवे स्टेशन निर्माण सालभर से अधूरा

## अधिकारियों की चुप्पी से आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडी

सलाई टोला हल्ट रेलवे स्टेशन के पास एक वर्ष से चल रहा बिल्डिंग निर्माण कार्य आज भी अधूरा पड़ा है। फोटो में दिख रही कच्ची ईंटों की दीवारें, बिना प्लास्टर का ढांचा और खुले में पड़ी बालू-गिट्टी की ढेरियां काम की सुस्ती और निम्न गुणवत्ता को उजागर कर रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण शुरू हुए 12 महीने से अधिक समय हो गया है, लेकिन अब तक काम पूरा नहीं हुआ। सबसे बड़ी चिंता यह है कि रेलवे प्रशासन और ठेकेदार से संपर्क करने पर भी कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिल रहा। रेलवे ट्रैक के ठीक बगल में अधूरा पड़ा यह ढांचा यात्रियों और ग्रामीणों के लिए असुविधा और दुर्घटना का कारण बन सकता है।

धूल-मिट्टी, खुले गड्ढे और बिना सुरक्षा बैरिकेडिंग के निर्माण स्थल से बच्चों और बुजुर्गों को खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद न तो समय सीमा बताई जा रही है, न ही गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है। अधिकारियों की चुप्पी से लोगों में नाराज़गी और संदेह दोनों बढ़ रहा है। अब सवाल यही है कि आखिर कब तक सलाई टोला के लोग इस अधूरे निर्माण का खामियाजा भुगतेंगे?

### लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को विधायक चंद्राकर ने दी कार्रवाई की चेतावनी

**भिलाई।** नगर पंचायत उतई कार्यालय परिसर में शनिवार को जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर स्टॉलों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने आम जनता को बार-बार चक्कर लगाने और लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को कार्रवाई की चेतावनी भी दी। विधायक ललित चंद्राकर ने शिविर में लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, राजस्व, खाद्य, पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग सहित सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों की स्थिति की जानकारी ली और निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का समय-सीमा में पारदर्शी तरीके से निराकरण किया जाए। चंद्राकर ने कहा कि सुशासन का मतलब है जनता को राहत देना। जब एक गरीब हितग्राही का राशन कार्ड, पेंशन या आयुष्मान कार्ड तत्काल बनता है, जब किसान की समस्या का समाधान मौके पर होता है, तभी मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन की सार्थकता सिद्ध होती है।

# नगर में गैस-पेट्रोल संकट गहराया, जनता बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

- घरेलू गैस, व्यावसायिक सिलेंडर, पेट्रोल–डीजल के लिए मची अफरा–तफरी

नगर में इन दिनों घरेलू गैस, व्यावसायिक गैस, पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत से आम जनता त्रस्त हो चुकी है। शहर में भारत गैस का केवल एक प्रमुख गैस विक्रेता होने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस सिलेंडर लेने के लिए सुबह से लंबी कतारें लग रही हैं, वहीं कई लोगों को घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि अब केवल गैस ही नहीं बल्कि पेट्रोल और डीजल के लिए भी लोगों को रातभर रतजगा करना पड़ रहा है। शहर के चारों पेट्रोल पंपों में जैसे ही पेट्रोल-डीजल की सप्लाई पहुंचती है, महज एक घंटे के भीतर पूरा स्टॉक खत्म हो जा रहा है। इसके बाद फिर से लंबी कतारें और हंगामे जैसे हालात निर्मित हो रहे हैं।



**जनता ने की मांग - अन्य गैस कंपनियों को मिले अनुमति:** शहरवासियों का कहना है कि केवल एक भारत गैस एजेंसी के भरोसे पूरे शहर की व्यवस्था चलाना संभव नहीं है। लोगों ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम, इंडेन और अन्य कंपनियों की नई गैस एजेंसियां खोलने की मांग तेज कर दी है ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि समय पर जानकारी नहीं मिलने, पर्याप्त वितरण व्यवस्था नहीं होने और अचानक स्टॉक खत्म हो जाने से जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शहर में बढ़ता आक्रोश लगातार बढ़ती परेशानी के चलते लोगों में प्रशासन और आपूर्ति व्यवस्था को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। नागरिकों ने मांग की है कि जल्द से जल्द अतिरिक्त गैस एजेंसी, नियमित ईंधन सप्लाई और प्रभावी नियंत्रण व्यवस्था लागू की जाए, अन्यथा आने वाले दिनों में स्थिति और विस्फोटक हो सकती है।

**गृहणियों का पक्षः** "सुबह से लाइन में खड़े रहते हैं, फिर भी गैस नहीं मिलती। बच्चों का खाना बनाना मुश्किल हो गया है। अब पेट्रोल के लिए भी लाइन लगानी पड़ रही है।"

**उपभोक्ताओं का पक्षः** दल्लीराजहरा शहर में "चार-चार पेट्रोल पंप होने के बावजूद हालात ऐसे हैं जैसे शहर में ईंधन ही नहीं बचा। रातभर जागकर नंबर लगाना पड़ रहा है। आम जनता पूरी तरह हलाकान है।"

**जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर काः** तुलसी ठाकुर ने कहा कि गैस और पेट्रोल-डीजल सप्लाई की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। संबंधित एजेंसियों और पेट्रोल पंप संचालकों से चर्चा की गई है। जल्द ही सप्लाई व्यवस्था को सामान्य करने का प्रयास किया जाएगा ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### सप्लाई सीमित मात्रा में: पंप संचालक

पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि मांग अत्यधिक बढ़ गई है जबकि सप्लाई सीमित मात्रा में पहुंच रही है। जैसे ही टैंकर पहुंचता है, भारी भीड़ उमड़ पड़ती है और कुछ ही समय में पूरा स्टॉक समाप्त हो जाता है। कांबले गैस एजेंसी के संचालक सतीश कांबले ने कहा कि सप्लाई सीमित मात्रा में मिल रही है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को दिक्कत हो रही है। एजेंसी लगातार प्रयास कर रही है कि सभी उपभोक्ताओं तक गैस पहुंचाई जा सके।

### अकतई के जनजातीय गरिमा उत्सव में सरपंच ने सरकार को घेरा

# फोटो शेयर करने से नहीं, जमीनी स्तर पर काम करने से होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

ग्राम पंचायत अकतई चारभाठा रीवागहन ग्राम पंचायत भवन में जनजातीय गरिमा उत्सव का आयोजन हुआ।

ग्राम पंचायत अकतई के प्रथम नागरिक सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद, उपसरपंच दीपा मार्कण्डे, सचिव कामता प्रसाद पटेल, रोजगार सहायक दिनेश कुमार चंद्राकर, पंच देवेंद्र कुमार साहू, जीधन साहू, पीतांबर मार्कण्डे, यमुना ठाकुर कुलेश्वरी ठाकुर, मनोज मंडावी, पुष्पा सिन्हा, उषा रात्रे, हरीश साहू, देव राज ठाकुर, बुधीयारिन बाई ठाकुर, पुष्पा साहू एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी पहुंचे थे। ट्रैवल विभाग से अधीक्षक प्रवेश कुमार चौबे, अधीक्षिका एसीटीडब्लू ज्योति सिंह, स्वास्थ विभाग से आरएसओ डॉ राकेश सार्वा, सीएचओ दीप्ति टंडन, आरएचओ आई अहीर, एलएचवी बी साहू, संदीप कुमार नेताम, कृषि विभाग से ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे, अलख मार्कण्डे, खिलु सिन्हा, पंकज कुमार साहू, मुरारी साहू, संजय निषाद, संजय ठाकुर, स्वच्छता दीदी ललिता साहू, दुर्गा साहू, और योगेश कुमार मंडावी चौकीदार आदि उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत अकतई सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद ने कहा कि हमारे ग्राम पंचायत अकतई में केंद्र सरकार की योजना, धरती आबा जनजातीय जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना वर्तमान में शामिल हैं, जो जनपद पंचायत पाटन का एकलौता अकतई है जो, सरकार तो बहुत सारी योजना चला रही है पर एक भी योजना लागू नहीं है, हर मामला में पीछे है।




सरकार को ज़मीनी स्तर पर काम करना चाहिए न कि फोटो शेयर करके, ग्राम पंचायत अकतई में तीन गांव अकतई, चारभाठा रीवागहन मिलकर बना है पर कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है, हर क्षेत्र बहुत ज्यादा समस्या है मुझे बहुत दुख होता है कि हमारे आदिवासी भाइयों को लाभ नहीं मिल रहा है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आमदी में रजत जयंती चावल उत्सव मना

अंडा। ग्राम आमदी की उचित मूल्य दुकान में रजत जयंती चावल उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत आमदी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस दौरान मोहन लाल, जामवंत देशमुख, देवकुमार साहू, कुमार पटेल, टोपलाल निषाद, प्रेमनाथ निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को उचित मूल्य की दुकान के माध्यम से संचालित योजनाओं एवं खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने शासन की योजनाओं को गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए लाभकारी बताया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

### करंट से झुलसे लगुंर की मौत



गुण्डरदेही। रविवार को एक लगुंर के बच्चे को करंट लगने से उसकी मौत हो गई। जहां नगर के गौ सेवकों द्वारा उनकी पूजा पाठकर विधि विधान से उनका अंतिम संस्कार नगर के श्री कृष्ण गौ शाला के सामने किया गया।

### कंप्यूटर प्रशिक्षक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बालोद/निकुम। अंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रुदा में सोमवार तड़के एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां रहने वाले 50 वर्षीय हुनेश साहू ने अपने घर के पीछे खेत में स्थित एक अर्जुन के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक भिलाई स्थित महिला आईटीआई में कंप्यूटर प्रशिक्षक के पद पर पदस्थ था। घटना की सूचना मिलते ही अंडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि हुनेश साहू ने सुसाइड नोट में किसी को जिम्मेदार न ठहराते हुए, अपनी मर्जी से यह आत्मघाती कदम उठाने की बात लिखी है। मृतक अपने पीछे पत्नी और चार बेटियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इस अचानक हुई अप्रत्याशित घटना से मृतक के परिजनों सहित पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। अंडा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल दुर्ग भेज दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की बारीक जांच और विवेचना शुरू कर दी है।

## समस्या : जहां कभी दिखायी देते था पानी, वहां अब उग रही घास

उजड़ती प्राकृतिक धरोहर पर फूटा लोगों का गुस्सा

# डेम नहीं, बीएसपी प्रबंधन की नाकामी का खुला सबूत बन गया दल्लीराजहरा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

तस्वीरें खुद बयां कर रही हैं कि कभी दल्लीराजहरा की पहचान रहा डेम आज किस कदर बदहाली और उपेक्षा का शिकार हो चुका है। दूर-दूर तक फैली सूखी घास, दलदली मैदान और गायब होता जलस्तर बीएसपी प्रबंधन की वर्षों पुरानी लापरवाही की कहानी कह रहे हैं। जिस स्थान पर कभी 25 से 30 फीट तक पानी की लहर दिखाई देती थी, वहां आज मैदान जैसी स्थिति बन चुकी है।

डेम साइट की यह भयावह हालत देखकर दल्लीराजहरा शहर सहित क्षेत्र के नगरवासियों में भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते डेम की सफाई, गहरीकरण और संरक्षण का कार्य किया जाता तो आज यह प्राकृतिक धरोहर अपनी सुंदरता बनाए रखती, लेकिन बीएसपी प्रबंधन की अकुशल कार्य प्रणाली और नकारात्मक सोच के चलते डेम पूरी तरह उजड़ता चला गया। बीएसपी की खदानों से निकलने वाले फाइनस और मिट्टी ने डेम क्षेत्र को धीरे-धीरे पाट दिया। वर्षों तक सफाई नहीं होने के कारण डेम का अस्तित्व संकट में पहुंच गया, जिस डेम को देखकर लोग दल्लीराजहरा को "झरन दल्ली" कहा करते थे, आज उसी स्थान को देखकर लोग विनाश दल्लीराजहरा कहकर मायूस और निराश दिखाई दे रहे हैं। तस्वीरों में साफ दिखाई दे रहा है कि डेम क्षेत्र अब जलाशय कम और सूखा मैदान ज्यादा नजर आ रहा है। जगह-जगह घास और झाड़ियां उग आई हैं। हालत ऐसी बन चुकी है कि लोग कटाक्ष करते हुए कह रहे हैं कि यहां अब पानी नहीं, बल्कि क्रिकेट, फुटबॉल और वॉलीबॉल खेला जा सकता है।

### पर्यावरण प्रेमियों ने जताई तीखी नाराजगी

पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोगों निखिल कुमार, योगेश कुमार, चेतन गोयल, विजय कुमार ने डेम की हालत को गंभीर चिंता का विषय बताया है। उनका कहना है कि बीएसपी प्रबंधन ने केवल खदानों और उत्पादन पर ध्यान दिया, लेकिन पर्यावरण और जल स्रोतों की सुरक्षा को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। एक पर्यावरण प्रेमी ने कहा कि यदि इसी तरह उपेक्षा जारी रही तो आने वाले समय में डेम पूरी तरह समाप्त हो जाएगा और दल्लीराजहरा अपनी प्राकृतिक पहचान खो देगा।दूसरे पर्यावरण प्रेमी ने कहा कि डेम केवल पानी का स्रोत नहीं, बल्कि पूरे नगर की ऐतिहासिक और पर्यावरणीय धरोहर है। इसके संरक्षण के लिए तत्काल विशेष अभियान चलाने की जरूरत है।



### बीएसपी महाप्रबंधक आर बी गहरवार का पक्ष

बीएसपी महाप्रबंधक आर बी गहरवार ने कहा कि डेम क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली जाएगी। संबंधित विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए जाएंगे। संरक्षण और सुधार को लेकर आवश्यक पहल की जाएगी।

### नगरवासियों ने उठाए गंभीर सवाल

नगरवासियों ने सवाल उठाया कि आखिर इतने महत्वपूर्ण जलाशय को बचाने के लिए अब तक कोई ठोस योजना क्यों नहीं बनाई गई। करोड़ों रुपए की परियोजनाओं और संसाधनों के बावजूद डेम की सफाई और गहरीकरण को लेकर गंभीरता क्यों नहीं दिखाई गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्यवाही होती तो आज डेम फिर से लबालब पानी से भरा दिखाई देता। लेकिन लापरवाही ने दल्लीराजहरा की सुंदरता और पहचान दोनों को नुकसान पहुंचाया है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि डेम साइट का तत्काल सर्वे कराकर सफाई, गहरीकरण और सौंदर्यीकरण कराया जाए। लोगों का कहना है कि यदि अब भी ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में डेम केवल इतिहास बनकर रह जाएगा।

## महंगाई के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस ने पेट्रोल पंप में किया धरना प्रदर्शन



अंडा। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगपुरा पेट्रोल पंप पर पेट्रोल एवं डीजल की महंगाई पर केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया। धरना में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी तथा जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक, मंडल, सेक्टर एवं प्रकोष्ठ तथा बूथ के सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुए। आंदोलन के दौरान आम नागरिकों चर्चा कर उनसे बातचीत की और बातचीत के दौरान विरोध देखा गया। कांग्रेस ने कहा कि जब तक पेट्रोल-डीजल में वृद्धि केंद्र सरकार नहीं लेगी उग्र आंदोलन किया जायेगा। इस अवसर पर देवेंद्र देशमुख ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण, टेकेश्वरी देशमुख उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ब्लॉक दुर्ग ग्रामीण, नंदकुमार सेन पूर्वाध्यक्ष केश कला बोर्ड छत्तीसगढ़, रोहित साहू ,रविन्द्र सिन्हा मंडल अध्यक्ष, आकाश सेन, नरेंद्र सूर्यवंशी, अंकित सेन, प्रकाश गुप्ता, ताम्रध्वज सिन्हा, मिनिकेतन यादव, खिलिन्द्र साहू, नन्द देशमुख, कैलाश देवांगन, अश्वनियादव, लोकेश बंजारे,राहुल साहू, कैलाश सिन्हा सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विवाह समारोह में स्वच्छता बनी मिसाल स्टील की थाली में परोसा गया खाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

स्वच्छ भारत मिशन के संकल्प को साकार करने की दिशा में ग्राम धामनसरा जिला राजनांदगांव की सेवा दल समिति ने एक सराहनीय पहल करते हुए समाज के सामने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल पेश की। समीप के ग्राम धनगांव में आयोजित पटेल परिवार के विवाह समारोह में समिति द्वारा प्लास्टिक एवं डिस्पोजल सामग्री के उपयोग को पूरी तरह बंद कर स्टील की थाली और गिलास के माध्यम से निशुल्क भोजन सेवा प्रदान की गई।

समारोह में पहुंचे सभी मेहमानों और ग्रामीणों को स्टील के बर्तनों में भोजन परोसा गया। समिति के इस प्रयास से न केवल प्लास्टिक कचरे में कमी आई, बल्कि लोगों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी मिला। विवाह समारोह में उपस्थित लोगों ने इस पहल की जमकर सराहना की और इसे सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। सेवा दल समिति के सदस्यों ने उतना ही लो थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में के संदेश को भी प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुंचाया। भोजन की बर्बादी रोकने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से लोगों को जागरूक किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार की पहल से गांवों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होगी और लोग प्लास्टिक मुक्त आयोजनों के लिए प्रेरित होंगे। रामकुमार पटेल एवं भीखम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति लंबे समय से सामाजिक सेवा और स्वच्छता जागरूकता के कार्यों में सक्रिय है। ग्रामीणों ने समिति के इस प्रयास को अनुकरणीय बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही।




मूलभूत सुविधाओं के लिए 'ग्राम विकास प्लान' बनाने की घोषणा की गई।

## भैंसबोड़ सुशासन तिहार में समस्याओं के अंबार के बीच 801 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

आदिवासी विकासखण्ड डौंडी के ग्राम भैंसबोड़ में 'सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर' का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के 18 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। शिविर में विभिन्न विभागों से कुल 902 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 801 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इसी शिविर के माध्यम से बालोद जिले में 'जनजातीय गरिमा उत्सव 2026' का भी शुभारंभ किया गया।

शिविर में 5 ग्रामीणों को पीएम आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, 2 को मछली जाल, 9 दिव्यांगों को छड़ी व श्रवण यंत्र, 2 को वृद्धा पेंशन स्वीकृति पत्र और 10 को स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेख सौंपे गए। 8 किसानों को डिजिटल किसान किताब और 7 हितग्राहियों को नए राशन कार्ड बांटे गए। मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए गए, बच्चों का अन्नप्राशन व गर्भवती माताओं की गोदभराई की रस्म पूरी की गई। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सभी विभागों को प्राप्त आवेदनों का अधिकतम 1 माह के भीतर निराकरण करने तथा राजस्व विभाग को सीमांकन व बंटवारा तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। भैंसबोड़ के प्रत्यक्ष खनिज प्रभावित क्षेत्र होने के कारण जिला खनिज संस्थान न्यास के तहत विशेष प्राथमिकता से कार्य कराने और मूलभूत सुविधाओं के लिए 'ग्राम विकास प्लान' बनाने की घोषणा की गई। कलेक्टर ने 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर का टीका लगाने, किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन कराने की समझाइश दी और उपस्थित लोगों को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई।



### शिविर में दिखी अव्यवस्था और तीखी नोकझोंक

सफलता के दावों के बीच शिविर में ग्रामीणों को अव्यवस्था का सामना भी करना पड़ा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के स्टाल पर अधूरे कार्यों को लेकर सरपंचों और अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिसे एसडीएम सुरेश साहू ने शांत कराया। राजस्व पखवाड़ा के स्टाल पर केवल आरआई और पटवारी मौजूद थे, मुख्य जिम्मेदार अधिकारी गायब थे। शिविर सुबह 11 बजे शुरू हुआ, लेकिन जिला मुख्यालय के बड़े अधिकारियों (कलेक्टर व अन्य) के जाते ही दोपहर 2 बजे शिविर समेट दिया गया, जिससे कई ग्रामीण बिना सुनवाई के निराश होकर लौटे। शिविर में कलेक्टर दिव्या मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, राज्य एथेलेटिक संघ के उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया, जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

## पतंजलि योग परिवार ने साधकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

पतंजलि नियमित ऑनलाइन योग क्लास जिला बालोद के सफलतापूर्वक पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकासखंड के ग्राम कोगुड़ा में 15 से 17 मई तक आयोजित तीन दिवसीय ऑफलाइन योग शिविर का प्रेरणादायक समापन हुआ। वर्ष 2021 से संचालित इस ऑनलाइन योग सेवा के पांच वर्ष पूर्ण होने पर जिलेभर के योग साधकों में उत्साह का माहौल रहा।

शिविर के प्रथम दिवस का शुभारंभ सरपंच लक्ष्मीनारायण देवांगन ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। योग शिक्षक डॉ. पुष्पेन्द्र अग्रवाल, पीलू राम साहू एवं मुकेश आरदा ने सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। दूसरे दिन संतोष देवांगन, श्रीमती खुशी साहू, भूपेंद्र धनकर एवं अरुण कुमार साहू ने विभिन्न योगासनों का प्रशिक्षण दिया।





अंतिम दिवस में पतंजलि राज्य कार्यालय रायपुर से प्रदेश महामंत्री श्रीराम शर्मा, सेवाव्रती एवं आध्यात्मिक प्रवक्ता निधि श्री, राज्य प्रभारी निकेश साहू, कार्यालय प्रभारी हेमंत जी, अशोक जी तथा योग प्रशिक्षक भूषण देशमुख विशेष रूप से उपस्थित रहे। योग शिविर में योगाभ्यास, ध्यान एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े विभिन्न सत्र आयोजित किए गए, जिससे प्रतिभागियों को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभ प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर पांच वर्ष तक ऑनलाइन योग सेवा से जुड़े योग साधकों को सम्मानित किया गया। साथ ही राज्य कार्यालय से आए अतिथियों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के पश्चात आयोजित विशेष गोष्ठी में पतंजलि योग परिवार बालोद जिला का पुनर्गठन भी किया गया। इसमें मुकेश आरदा को भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी, तीरथ अटल को जिला सह प्रभारी, कमलकांत साहू को मीडिया प्रभारी तथा गैंद सिंह देशमुख को युवा भारत जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिलेभर के योग साधकों, पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। समापन अवसर पर सभी ने "योग अपनाएं स्वस्थ एवं सुखमय जीवन पाएं" का संदेश दिया।

## टीएस पहुंचे बालोद, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने बालोद जिला अंतर्गत पार्टी ने नेताओ व कार्यकर्ताओ के निवास स्थल पर जाकर उनसे भेंट मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस संगीता विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा भी साथ थे।

इस दौरान टीएस सिंहदेव व संगीता सिन्हा ने पुरूर चौक पश्चात जितेन्द्र यादव के निवास, नगर पंचायत पलारी आगमन एवं यानेश साहू से भेंट मुलाकात, ग्राम सरबदा आगमन एवं अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर किशोर साहू से भेंट मुलाकात, ग्राम चिरचारी आगमन एवं यशवंतपुरी गोस्वामी के निवास में भेंट मुलाकात, ग्राम बरही आगमन एवं अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बालोद नरेन्द्र सिन्हा के निवास में भेंट मुलाकात, ग्राम देवारभाट आगमन व अध्यक्ष महिला कांग्रेस लता कोर्राम से भेंट मुलाकात, ग्राम झलमला आगमन एवं आदित्य दुबे के निवास में भेंट मुलाकात, ग्राम झलमला में पूर्व सरपंच गिरधर पटेल के निवास में भेंट मुलाकात के बाद मां गंगा मईया मंदिर दर्शन किया। इसके बाद बालोद नगर आगमन एवं वार्ड 12 पार्षद सुमीत शर्मा के निवास में भेंट मुलाकात, अध्यक्ष नगर कांग्रेस बालोद अंचल साहू के निवास में भेंट मुलाकात, साजन पटेल के साथ ही युवा कांग्रेस द्वारा घड़ी चौक में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इसके साथ सत्यम टाटिया के निवास में भेंट मुलाकात, ग्राम मेड़की में अध्यक्ष जिला कांग्रस कमेटी बालोद चन्द्रेश हिरवानी के निवास में भेंट मुलाकात, ग्राम गाड़ाडीह आगमन एवं धर्मराज व कीर्ति के घर जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

### शराब तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

भिलाई। एक्टिवा में शराब तस्करी करते पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि मरचूरी रोड शेड के नीचे अवैध रूप से शराब बेचने व परिवहन करने की सूचना मिली थी। मौके पर टीम पहुंची और दबिश देकर धमधा बस स्टैंड वार्ड 7 निवासी जितेंद्र साहू को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने नीले रंग की एक्टिवा सीजी 07 सीडब्लू 0459 की डिक्की में रखे 30 पौवा देशी शोले मसाला मदिरा बरामद किया। वाहन की कीमत 70 हजार, शराब 3 हजार रुपये का जब्त किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मरसा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## अंचल के 174 श्रमिकों को मिला रोजगार

# मनरेगा से संवर रहा सहगांव का जोधन तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सहगांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत समुदाय के लिए मत्स्य पालन तालाबों के नवीनीकरण कार्य को गति दी जा रही है। ग्राम पंचायत क्षेत्र के जोधन तालाब में चल रहे इस कार्य से ग्रामीणों को रोजगार मिलने के साथ-साथ जल संरक्षण और मत्स्य पालन को भी बढ़ावा मिल रहा है।

वर्तमान में इस कार्य में 174 श्रमिक नियोजित हैं, जो प्रतिदिन तालाब के गहरीकरण और मरम्मत जैसे कार्यों में जुटे हुए हैं। ग्राम पंचायत द्वारा संचालित इस कार्य का मुख्य उद्देश्य तालाब की जलधारण क्षमता को बढ़ाना तथा भविष्य में मत्स्य पालन गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब के गहरीकरण से आने वाले समय में निस्तारी की समस्या दूर होगी और मछली पालन से अतिरिक्त आय के अवसर भी प्राप्त होंगे। साथ ही मनरेगा के माध्यम से गांव के श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलने से पलायन की समस्या में भी कमी आएगी। ग्राम के सरपंच भूषण देवांगन व पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि शासन की मंशानुसार मनरेगा के माध्यम से ऐसे स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण एवं संरक्षण किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके। तालाब के नवीनीकरण कार्य की नियमित निगरानी की जा रही है तथा श्रमिकों को समय पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

ग्रामीणों ने शासन और पंचायत के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्य गांव के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जोधन तालाब के नवीनीकरण से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि गांव के लोगों के लिए रोजगार और आजीविका के नए अवसर भी सृजित होंगे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
स्पेशल ट्रेन से - 31 अगस्त से 14 सितम्बर 2026 (15 दिन)
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
14 सितम्बर, 26 सितम्बर, 10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411